Fourteenth Loksabha

Session : 5
Date : 08-08-2005

Participants : Munshiram Shri

>

Title : Need to provide stoppage to important trains and computerized reservation facility at Nagina, Bijnore district, Uttar Pradesh

श्री मुंशी राम (बिजनौर) : अध्यक्ष महोदय, उत्तर प्रदेश के बिजनौर जनपद तहसील मुख्यालय नगीना के पास रेलवे स्टेशन स्थित है। यह स्टेशन जम्मूतवी-हावड़ा रेलवे की मुख्य लाइन पर स्थित है। इस स्टेशन पर कम्प्यूटर आरक्षण केन्द्र उपलब्ध नहीं है तथा कुछ गाडियों का ठहराव नहीं है, जो क्षेत्र के ग्रामीणों के लिए अति आवश्यक है। इसमें मुख्य रूप से जिन ट्रेनों का ठहराव आवश्यक है, वे एक्सप्रेस ट्रेनें हैं 5210 डाउन-अप है। नगीना क्षेत्र से हेंडीक्राफ्ट एवं कुटीर उद्योग होने से यहां से आयात-निर्यात किया जाता है लेकिन ट्रेनों के ठहराव नहीं होने के कारण यहां व्यापारियों का व्यवसाय प्रभावित होता है। साथ ही इस क्षेत्र के आसपास सिख समुदाय के लोग बहुत अधिक संख्या में ग्रामीण क्षेत्रों में रहते हैं। लेकिन इन ग्रामीणों के लिए पंजाब जाने के लिए भी रेलगाडियों का ठहराव नहीं है। समस्या इतनी गंभीर है कि 18 घंटे के अंतराल में केवल दो एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव है, जिसके कारण जिले के तथा इसके साथ जुड़े हुए ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले यात्रियों को ट्रेनों से यात्रा करने हेतु 25 किलोमीटर का सड़क मार्ग तय करके स्टेशन तक पहुंचना होता है। ऐसी ही समस्या कम्प्यूटर आरक्षण की भी है। समस्या का आकलन इस प्रकार है कि नजीबाबाद के पश्चात मुरादाबाद मंडल में आरक्षण केन्द्र स्थापित है। इन क्षेत्रों की मध्य की दूरी लगभग 95 किलोमीटर से भी अधिक है।

अतः केन्द्र सरकार से मेरा अनुरोध है कि शीघ्र जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों की सुविधा हेतु आरक्षण केन्द्र और एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव पर शीघ्र कार्यवाही करे।